माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1944 / 08 / प्रशा0 / MSU / 2024–25 दिनांक : 24.03.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्य

सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जाति / सामान्वय वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त शिक्षण संस्थानों से ग्रेडिंग का विवरण प्राप्त कर परीक्षण करते हुये निदेशालय को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहारनपुर के पत्र संख्या–सी–5034 / स0क0 / छात्र0 / 2024–25, दिनांक 11.03.2025 के साथ संलग्न निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–सी–4916 / स0क0 / शिक्षा–अ / 9 / 602–2 (ख) / 2024–25, दिनांक : 07 मार्च, 2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 से केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त केन्द्र / राज्य / निजी / डीम्ड आदि सभी शिक्षण संस्थानों को NAAC (National Assessment & Accrcditaion Council and Autonomous Institution of the University Grant Commission) से वर्ष 2024 तक ग्रेडिंग प्राप्त करनी होगी। वर्ष 2025–26 से उक्तानुसार ग्रेडिंग प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य है।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा प्रदत्त मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2024 तक NBA (National Board of Accreditation) ग्रेडिंग प्राप्त करनी होगी। वर्ष 2025–26 शिक्षण सत्र में NBA (National Board of Accreditation) ग्रेडिंग प्राप्त संस्थानों में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं को ही शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि NAAC (National Assessment & Accrcditaion Council and Autonomous Institution of the University Grant Commission) एवं NBA (National Board of Accreditation) से सम्बन्धित सूचनाऐं शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गूगल फार्म विकसित किया गया है। जिससे की उक्त सूचना संकलित कर शासन को यथासमय उपलब्ध कराई जा सके।

विकसित गूगल निम्नवत् है –

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSev2vZCZo4zVYFdozhzN3QyN6miMXzZ2_I1D--Wlq144NejHA/viewform?usp=header

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

संलग्न – यथोपरि।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी, सहारनपुर।
03. जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहारनपुर
04. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सहारनपुर एवं मेरठ मण्डल।
05. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव